सप्तम अध्याय

आधुनिककालीन काव्य संबंधी शोध-कार्य ः
वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

7.1 भारतेन्दु और द्विवेदीयुगीन काव्य संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

7.2 छायावाद और प्रगतिवाद काव्य संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

7.3 राष्ट्रीय, सांस्कृतिक काव्य धारा और गीतिकाव्य संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

7.4 प्रयोगवाद, नई कविता एवं स्वातंत्र्योत्तर काव्य संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

7.5 आधुनिककालीन संबंधी सामान्य, सैद्धांतिक एवं तुलनात्मक शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

इससे पूर्व अध्याय में रीतिकाल संबंधी शोध-कार्य का वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन किया गया है। इस अध्याय में आधुनिककालीन काव्य संबंधी शोध-कार्य का वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन किया गया है। आधुनिक काल को आगे पांच उपभागों में विभक्त किया गया है। भारतेन्दु और द्विवेदीयुगीन काव्य संबंधी शोध-कार्य, छायावाद और प्रगतिवाद काव्य संबंधी शोध-कार्य, राष्ट्रीय, सांस्कृतिक काव्यधारा और गीतिकाव्य संबंधी शोध-कार्य, प्रयोगवाद, नई कविता एवं स्वातंत्र्योत्तर काव्य संबंधी शोध-कार्य तथा आधुनिककालीन संबंधी सामान्य, सैद्धांतिक एवं तुलनात्मक शोध-कार्य। इनका क्रमानुसार वर्णन इस प्रकार है-

7.1 भारतेन्दु और द्विवेदीयुगीन काव्य संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन-

विवेच्य विश्वविद्यालयों में भारतेन्दु और द्विवेदीयुगीन काव्य संबंधी **7** शोध-ग्रंथ (सन् **1991** से **2010** तक) प्राप्त हुए हैं, इनका क्रमानुसार वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन इस प्रकार है-

1. शोधार्थी - उपाध्याय, रवीन्द्र कुमार

शोध-विषय - युग-संक्रमण की दृष्टि से राय देवी प्रसाद 'पूर्ण' के काव्य का अध्ययन

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - शर्मा, जय प्रकाश

वर्ष - 1994

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **8** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **577** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में भारतेन्दु और द्विवेदी युग की परिस्थितियों की चर्चा करते हुए, राय देवी प्रसाद 'पूर्ण' के व्यक्तित्व और कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में युग-

संक्रमण के परिचय के साथ-साथ, भारतेन्दु और द्विवेदी युग के प्रमुख काव्य-संक्रमणों का विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में राय देवी प्रसाद 'पूर्ण' के काव्य के अनुभूति पक्ष के परिप्रेक्ष्य में युग-संक्रमण का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में युग-संक्रमण के परिप्रेक्ष्य में राय देवी प्रसाद 'पूर्ण' के काव्य के विचारात्मक पक्ष का विवेचन किया गया है। षष्ठ अध्याय में राय देवी प्रसाद 'पूर्ण' के काव्य के शिल्प पक्ष के परिप्रेक्ष्य में युग-संक्रमण का अध्ययन किया गया है। सप्तम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। अंत में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमानुसार है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित तथा वर्गीकृत हैं। विषय-सूची में पृष्ठ संख्या का ब्यौरा नहीं दिया गया है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। संदर्भ-सूची अध्यायों के अंत में दी गई है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा सरल है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां हैं। प्रबंध-टंकण उत्तम है तथा जिल्दबंदी सामान्य है।

2. शोधार्थी - सुधा

शोध-विषय - भारतेन्दु-काव्य का शैली वैज्ञानिक अध्ययन

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - वेदालंकार, विजय कुमार

वर्ष - 1996

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत शोध-प्रबंध **5** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **184** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में भारतेन्दु हरिशचन्द्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के परिचय के साथ, शैली-विज्ञान का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में भारतेन्दु-काव्य के परिप्रेक्ष्य में चयन का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में भारतेन्दु-काव्य के परिप्रेक्ष्य में विचलन का

विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में भारतेन्दु-काव्य के परिप्रेक्ष्य में समानान्तरता का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में भारतेन्दु-काव्य के परिप्रेक्ष्य में अप्रस्तुत-विधान का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण तथा पृष्ठांकन यथानियम हैं। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। उपसंहार में शोध-संकेत नहीं हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट है। मात्रा व विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध का टंकण कार्य सामान्य है तथा जिल्दबंदी अच्छी है।

3. शोधार्थी - अनुबाला

शोध-विषय - मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में आधुनिकता

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - सिंहल, बैजनाथ

वर्ष - 2002

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **5** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **276** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में आधुनिकता का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में गुप्त के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में गुप्त के रामकाव्य के परिप्रेक्ष्य में आधुनिकता का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में महाभारत एवं कृष्ण-काव्य पर आधारित रचनाओं के परिप्रेक्ष्य में आधुनिकता का विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में ऐतिहासिक एवं अन्य काव्यों के परिप्रेक्ष्य में आधुनिकता का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ में शोध-नियमों का समुचित पालन नहीं हुआ है। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण तथा पृष्ठांकन सही हैं। पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अनुच्छेदों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सरल है। मात्रा तथा वर्तनी

संबंधी अशुद्धियों का परिहार किया गया है। प्रबंध का टंकण सुन्दर तथा सुपाठ्य है, जिल्दबंदी ठीक है।

4. शोधार्थी - कुमार, सतीश

शोध-विषय - आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और उनकी कविता

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - बत्रा, अशोक कुमार

वर्ष - 2005

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **240** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में शुक्ल के काव्य-संसार का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में शुक्ल के काव्य के परिप्रेक्ष्य में काव्य-संवेदना के विविध पक्षों का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में प्रकृति-चित्रण का विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में काव्य-शिल्प का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित तथा वर्गीकृत हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अनुच्छेदों में उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सुगठित है। मात्रा व विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां रह गई हैं। प्रबंध का टंकण तथा जिल्दबंदी अच्छी हैं।

5. शोधार्थी - चन्द्रदत

शोध-विषय - भारतेन्दु हरिशचन्द्र के काव्य में सांस्कृतिक चेतना

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - सिंह, राजेन्द्र

वर्ष - 2005

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **7** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **241** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में सांस्कृतिक चेतना का तात्त्विक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में भारतेन्दु के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में भारतेन्दु-काव्य के परिप्रेक्ष्य में समाज के विविध पक्षों का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में भारतेन्द-काव्य के परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक चेतना का विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में सांस्कृतिक चेतना के अन्य आयामों का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति के उपादानों का अध्ययन किया गया है। सप्तम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमानुसार है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम क्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में उपशीर्षक दिए गए हैं। शोध-संकेत अनुपस्थित हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा सुगठित है। मात्रात्मक त्रुटियां व विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां बहुत कम हैं। प्रबंध का टंकण तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

6. शोधार्थी - शर्मा, इन्दु

शोध-विषय - श्रीधर पाठक के काव्य में प्रेम और सौन्दर्य

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - पाण्डेय, रामसजन

वर्ष - 2007

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत शोध-प्रबंध **5** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **215** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में प्रेम और सौन्दर्य का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में पाठक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में पाठक के काव्य के परिप्रेक्ष्य में प्रेम-निरूपण का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में पाठक के काव्य के परिप्रेक्ष्य

में सौन्दर्य-विधान का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। उपसंहार में शोध-संकेत उपलब्ध नहीं हैं। प्रबंध की भाषा सुगम, शैली प्रवाहपूर्ण है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधकर्त्री सजग रही है। प्रबंध का टंकण सुपाठ्य है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

7. शोधार्थी - शर्मा, शालिनी

शोध-विषय - मैथिलीशरण गुप्त के प्रबंध काव्यों का प्रोक्तीय अध्ययन

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - शर्मा, वेदव्रत

वर्ष - 2007

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **360** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में गुप्त के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में प्रोक्ति का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में प्रोक्ति-अनुभाग का रेखांकन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में प्रोक्ति-संरचना के परिप्रेक्ष्य में गुप्त के काव्य का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में प्रोक्ति के परिप्रेक्ष्य में गुप्त-काव्य का शैलीपरक विवेचन किया गया है। षष्ठ अध्याय में प्रोक्ति के परिप्रेक्ष्य में गुप्त के काव्य का विश्लेषण-प्रक्रियांकन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन नहीं करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम व्यवस्थित हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण सही हैं।

पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अनुच्छेदों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सुगठित है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध का टंकण कार्य उच्च स्तर का है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

विवेच्य विश्वविद्यालयों में भारतेन्दु और द्विवेदीयुगीन काव्य संबंधी **7** शोध-प्रबंध प्राप्त हुए हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में **5** शोध-विषयों पर शोध-कार्य हुआ है। कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र में **1** शोध-विषय पर तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ में भी **1** शोध-विषय पर शोध-प्रबंध उपलब्ध हुआ है।

7.2 छायावाद और प्रगतिवाद काव्य संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

विवेच्य विश्वविद्यालयों में छायावाद और प्रगतिवाद काव्य संबंधी **17** शोध-ग्रंथ (सन् **1991** से **2010** तक) प्राप्त हुए हैं, इनका क्रमानुसार वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन इस प्रकार है-

1. शोधार्थी - प्रभाकर, अनीता

शोध-विषय - सुमित्रानंदन पंत के काव्य का सौन्दर्यबोधात्मक अध्ययन

विश्वविद्यालय - गु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर

निर्देशक - कुन्तल, रमेश 'मेघ'

वर्ष - 1991

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **10** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **435** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में पंत के व्यक्तित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में पंत के कृतित्व का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में सौन्दर्यशास्त्र का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में पंत-काव्य के परिप्रेक्ष्य में प्रमुख सौन्दर्यबोधात्मक अवधारणाओं का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में पंत के काव्य में सौन्दर्यबोधात्मकता के परिप्रेक्ष्य में

स्वच्छंदतावादी काव्य के आधार तत्त्वों का विवेचन किया गया है। षष्ठ अध्याय में भोगवादी काव्य का सौन्दर्यबोधात्मक अध्ययन किया गया है। सप्तम अध्याय में मार्क्सवादी विचारवस्तु के संदर्भ में पंत के काव्य का सौन्दर्यबोधात्मक विश्लेषण किया गया है। अष्टम अध्याय में गांधीवादी धारा के परिप्रेक्ष्य में पंत-काव्य का सौन्दर्यबोधात्मक विवेचन किया गया है। नवम अध्याय में अरविंदवादी विचारों की अंतर्वस्तु के परिप्रेक्ष्य में पंत-काव्य की सौन्दर्यबोधात्मकता का अध्ययन किया गया है। दशम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के नियमानुसार है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण सही हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में उपशीर्षक दिए गए हैं। उपसंहार में शोध-संकेत नहीं हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां नहीं हैं। प्रबंध का टंकण कार्य धूमिल एवं अस्पष्ट है तथा जिल्दबंदी ठीक है।

2. शोधार्थी - अनेजा, पंकज

शोध-विषय - सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला के काव्य में सामाजिक मूल्य

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - सिंगल, रामधारी

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** खण्डों के अंतर्गत **9** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **362** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **2** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में मूल्यों का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में निराला के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं तद्युगीन परिवेश का परिचय दिया गया है। द्वितीय खंड में **5** अध्याय हैं। तृतीय अध्याय में निराला-काव्य में वर्णित समष्टिपरक एवं पारिवारिक मूल्यों का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में निराला-काव्य के संदर्भ में राजनैतिक मूल्यों की चर्चा की गई है। पंचम अध्याय में निराला-काव्य के संदर्भ में आर्थिक तथा भौतिक मूल्यों का विवेचन किया गया है। षष्ठ अध्याय में निराला-काव्य के संदर्भ

में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का अध्ययन किया गया है। सप्तम अध्याय में निराला -काव्य के आधार पर साहित्यिक मूल्यों का विश्लेषण किया गया है। तृतीय खंड में **1** अध्याय है। अष्टम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय तथा उपलब्धियां दी गई है। चतुर्थ खंड में नवम अध्याय में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा सरल है। मात्रा व विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी सामान्य स्तर के हैं।

3. शोधार्थी - शर्मा, बीरबल

शोध-विषय - कवि जयशंकर प्रसाद की रचना-प्रक्रिया

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - मैनी, धर्मपाल

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **8** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **221** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में रचना-प्रक्रिया का सामान्य परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में बाह्य अभ्यन्तरीकरण को विश्लेषित किया गया है। चतुर्थ अध्याय में जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की गई है। पंचम अध्याय में जयशंकर प्रसाद की काव्य-साधना का उल्लेख किया गया है। षष्ठ अध्याय में जयशंकर प्रसाद के काव्य-विकास का अध्ययन किया गया है। सप्तम अध्याय में जयशंकर प्रसाद की काव्य-कला का अभ्यन्तर का बाह्यीकरण के आधार पर अध्ययन किया गया है। अष्टम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। अंत में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची शोध-प्रविधि के अनुरूप नहीं है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अनुच्छेदों में उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेत नहीं हैं। प्रबंध की भाषा सुन्दर तथा शैली प्रवाहमयी हैं। मात्रा, विराम चिह्न तथा वर्त नी संबंधी अशुद्धियां कहीं-कहीं रह गई हैं। प्रबंध का टंकण सामान्य है तथा जिल्दबंदी ठीक है।

4. शोधार्थी - जॉली, रमा

शोध-विषय - डॉ. रामकुमार वर्मा के प्रबंध काव्यों का रूपवैज्ञानिक अध्ययन

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - शर्मा, वेदव्रत

वर्ष - 1996

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **264** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में वर्मा-काव्य के परिप्रेक्ष्य में रूप-विचार का उल्लेख किया गया है। तृतीय अध्याय में वर्मा -काव्य के परिप्रेक्ष्य में शब्द-विचार का विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में वर्मा-काव्य के परिप्रेक्ष्य में रूपांतर का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विषय-सूची तथा पृष्ठांकन सही हैं। पाद-टिप्पणियां तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत नहीं दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा सरल, शैली प्रवाहपूर्ण है। अशुद्धियों के प्रति शोधकर्त्री सजग रही है। प्रबंध का टंकण कार्य सामान्य है तथा जिल्दबंदी अच्छी है।

5. शोधार्थी - सिंह, राजबीर

शोध-विषय - सौन्दर्य एवं औदात्य संबंधी सिद्धान्तों के आधार पर सुमित्रानंदन पंत के काव्य का मूल्यांकन

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - तिवारी, शैल कुमारी

वर्ष - 1997

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **5** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **272** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में सौन्दर्य का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में औदात्त का तात्त्विक अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में पंत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। चतुर्थ अध्याय में पंत के काव्य के परिप्रेक्ष्य में सौन्दर्य का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में पंत-काव्य के परिप्रेक्ष्य में औदात्य का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विषय-सूची तथा पृष्ठांकन सही हैं। अध्याय व्यवस्थित है। पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में उपशीर्षक दिए गए हैं। शोध-संकेतों का उल्लेख नहीं हैं। प्रबंध की भाषा सुगम है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधार्थी सजग रहा है। टंकण-कार्य उत्तम तथा सुपाठ्य है, जिल्दबंदी अच्छी है।

6. शोधार्थी - कुमारी, कमलेश

शोध-विषय - सुमित्रानंदन पंत ः काव्य के विविध सोपान और उनका मूल्यांकन

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - वर्मा, हरिशचन्द्र

वर्ष - 1998

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **348** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित

की गई है। प्रथम अध्याय में पंत के व्यक्तित्व के साथ, तद्युगीन परिवेश का अध्ययन किया गया है। द्वितीय अध्याय में पंत के कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में पंत के छायावादी काव्य का विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में पंत के प्रगतिशील काव्य का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में पंत के अंतर चेतनावादी काव्य का अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में लोकायतन का उल्लेख किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अनुच्छेदों में उपशीर्षक दिए गए हैं। शोध-संकेत नहीं हैं। प्रबंध की भाषा संयत तथा स्पष्ट है। वर्तनी तथा मात्रा संबंधी अशुद्धियां कम हैं। परिशिष्ट में आकारादि नियम का पालन नहीं किया गया है। प्रबंध का टंकण तथा जिल्दबंदी सामान्य हैं।

7. शोधार्थी - शर्मा, रूपराम

शोध-विषय - प्रगतिवादी काव्य-चिंतन के परिप्रेक्ष्य में मुक्तिबोध का काव्य-दर्शन

विश्वविद्यालय - हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला

निर्देशक - मेहता, रामनाथ

वर्ष - 1999

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **7** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **340** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में प्रगतिवादी एवं प्रगतिवादी काव्य-दर्शन का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में मुक्तिबोध के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में मुक्तिबोध के काव्य के स्वरूप का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में प्रगतिवादी काव्य के परिप्रेक्ष्य में मुक्तिबोध के काव्य-उद्देश्य का उल्लेख किया गया है। पंचम अध्याय में तत्त्व संबंधी काव्य-दर्शन का विवेचन किया गया है। षष्ठ अध्याय में शिल्प संबंधी काव्य-दर्शन का

विश्लेषण किया गया है। सप्तम अध्याय में मुक्तिबोध द्वारा स्थापित काव्यवादों से संबंधित नवीन काव्य-दर्शनों का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम क्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित तथा वर्गीकृत हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। प्रबंध लेखन में त्रुटियां हैं। शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सरल है। भाषागत व वर्तनी संबंधी अशुद्धियां हैं। प्रबंध का टंकण तथा जिल्दबंदी सामान्य हैं।

8. शोधार्थी - कुमारी, राजेश

शोध-विषय- लोकायतन का सांस्कृतिक अध्ययन

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - शर्मा, वेदव्रत

वर्ष - 2000

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **10** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **530** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में संस्कृति का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में पंत-काव्य के प्रेरणा-स्रोतों और सृजन-चेतना का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में लोकायतन के परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक मूल्यों का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में लोकायतन के परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक बोध का विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में लोकायतन के परिप्रेक्ष्य में पौराणिक एवं औपनिषदिक दर्शन का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में लोकायतन के परिप्रेक्ष्य में समाज एवं लोक-संस्कृति के स्वरूप का विवेचन किया गया है। सप्तम अध्याय में लोकायतन के परिप्रेक्ष्य में काम, चिंतन एवं प्रेम का अध्ययन किया गया है। अष्टम अध्याय में लोकायतन के परिप्रेक्ष्य में विविध भारतीय कलाओं का उल्लेख किया गया है। नवम

अध्याय में लोकायतन के परिप्रेक्ष्य में भाषा का सांस्कृतिक अध्ययन किया गया है। दशम अध्याय में शोध-विषय का सार, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विषय-सूची सही है। अध्यायीकरण व्यवस्थित तथा वर्गीकृत है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में शीर्षक-उपशीर्षक दिए गए हैं। शोध-संकेतों का अभाव है। प्रबंध की भाषा-शैली स्पष्ट है। मात्रात्मक अशुद्धियां कम हैं। टंकण धूमिल एवं जिल्दबंदी मजबूत हैं।

9. शोधार्थी - मलिक, विमला

शोध-विषय - नागार्जुन के काव्य में संवेदना और शिल्प

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - सिंहल, बैजनाथ

वर्ष - 2001

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **267** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में नागार्जुन के व्यक्तित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में कृतित्व का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में संवेदना का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में नागार्जुन के काव्य के परिप्रेक्ष्य में संवेदना का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में शिल्प का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। षष्ठ अध्याय में नागार्जुन के काव्य के परिप्रेक्ष्य में शिल्प का विश्लेषण किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। अध्यायों के समक्ष पृष्ठांकन नहीं किया गया है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा सुगठित है। मात्रा तथा विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां कम हैं। प्रबंध का टंकण कार्य ठीक है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

10. शोधार्थी - यादव, सुशीला

शोध-विषय - पंत कृत लोकायतन में सांस्कृतिक एवं दार्शनिक चेतना

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - शर्मा, श्याम सुन्दर

वर्ष - 2002

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **324** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में पंत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में छायावादी परिस्थितियों का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में संस्कृति एवं दर्शन का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में लोकायतन के परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक दर्शन का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में लोकायतन के परिप्रेक्ष्य में दार्शनिक चेतना का अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध के मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम क्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा संयत है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध का टंकण उच्च कोटि का है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

11. शोधार्थी - सिंह, राजेन्द्र

शोध-विषय - निराला के काव्य में लोक-चेतना

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - शर्मा, पूर्ण चन्द

वर्ष - 2002

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **10** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **266** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता

ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में निराला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में लोक-चेतना का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में लोक-चेतना के परिप्रेक्ष्य में निराला के काव्य के नैतिक पक्ष का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में निराला-काव्य में लोक-चेतना के परिप्रेक्ष्य में भौतिक पक्ष का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में लोक और संस्कार का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में प्रकृति का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में निराला-काव्य में लोक-चेतना के परिप्रेक्ष्य में आर्थिक पक्ष का उल्लेख किया गया है। अष्टम अध्याय में दार्शनिक पक्ष का विवेचन किया गया है। नवम अध्याय में राजनीतिक पक्ष का विश्लेषण किया गया है। दशम अध्याय में भाषा-शब्दावली एवं लोकोक्तियों का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम व्यतिक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। उपसंहार में शोध-संकेत उपलब्ध नहीं हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा सुगठित है। व्याकरण संबंधी अशुद्धियां कहीं-कहीं रह गई हैं। प्रबंध का टंकण कार्य तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

12. शोधार्थी - सुमन

शोध-विषय - महादेवी वर्मा के काव्य में वेदना का स्वरूप

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - सिवाच, विद्या

वर्ष - 2002

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **346** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में काव्यात्मक वेदना का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में महादेवी-काव्य के प्रेरणा स्रोतों एवं कारणभूत परिस्थितियों का अध्ययन किया गया है।

तृतीय अध्याय में महादेवी के व्यक्तित्व का परिचय दिया गया है। चतुर्थ अध्याय में महादेवी के काव्य-कृतियों के परिप्रेक्ष्य में वेदना का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में महादेवी के काव्य में वेदना के परिप्रेक्ष्य में रहस्यवाद का विवेचन किया गया है। षष्ठ अध्याय में महादेवी के काव्य के परिप्रेक्ष्य में प्रकृति का विश्लेषण किया गया है। सप्तम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम क्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा सरल है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधकर्त्री सतर्क रही है। प्रबंध-टंकण सामान्य है तथा जिल्दबंदी ठीक है।

13. शोधार्थी - मलिक, अनुरीता

शोध-विषय - नागार्जुन के काव्य में व्यवस्था-चित्रण

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - सिंहल, बैजनाथ

वर्ष - 2004

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत वृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **298** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में नागार्जुन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में व्यवस्था का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में नागार्जुन के काव्य के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में आर्थिक व्यवस्था का विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में राजनीतिक व्यवस्था का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में सांस्कृतिक व्यवस्था का विवेचन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी क्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं।

अध्यायीकरण में अध्यायों के समक्ष पृष्ठांकन नहीं किया गया है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा प्रभावशाली है। व्याकरण संबंधी अशुद्धियां कम हैं। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

14. शोधार्थी - सिंह, दलीप

शोध-विषय - नागार्जुन के काव्य में बिम्ब-योजना

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - पाण्डेय, रामसजन

वर्ष - 2005

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **5** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **284** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में बिम्ब का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में नागार्जुन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ, नागार्जुन के बिम्ब-विधान के पृष्ठाधार का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में नागार्जुन के काव्य के परिप्रेक्ष्य में ऐन्द्रिय-बिम्बों का विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में दृश्य से इतर ऐन्द्रिय-बिम्बों और संश्लिष्ट-बिम्बों का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में सृजन-प्रेरणापरक, अनुभूतिपरक और अभिव्यंजनापरक बिम्बों का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम शीर्षक के नीचे निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण सही हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक दिए गए हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सुगठित है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध का टंकण कार्य उच्च स्तर का है तथा जिल्दबंदी ठीक है।

15. शोधार्थी - चंद, प्यार

शोध-विषय - त्रिलोचन का काव्य ः कथ्य एवं शिल्प

विश्वविद्यालय - हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला

निर्देशक - कुमार, कृष्ण

वर्ष - 2007

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **5** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **464** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में त्रिलोचन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में त्रिलोचन के काव्यात्मक विकास का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में त्रिलोचन के काव्य के परिप्रेक्ष्य में कथ्य का विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में त्रिलोचन के काव्य के परिप्रेक्ष्य में शिल्प-विधान का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में समकालीन हिन्दी कविता के परिप्रेक्ष्य में त्रिलोचन के काव्य का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में शीर्षक व उपशीर्षक दिए गए हैं। उपसंहार में शोध-संकेतों का पालन किया गया है। प्रबंध की भाषा सरल, शैली प्रवाहमयी है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधार्थी सतर्क रहा है। प्रबंध-टंकण ठीक है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

16. शोधार्थी - बोकन, अमितेश

शोध-विषय - केदारनाथ के काव्य में संवेदना और शिल्प

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - मिश्र, नरेश

वर्ष - 2007

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **7** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **342** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में संवेदना और शिल्प का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में अग्रवाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में अग्रवाल के काव्य के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक यथार्थ का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में अग्रवाल के काव्य के परिप्रेक्ष्य में प्रेम का चित्रण किया गया है। पंचम अध्याय में प्रकृति-चित्रण का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में व्यंग्य का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में शिल्प-विधान का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। संदर्भ-सूची अध्यायों के अंत में दी गई है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सरल, शैली प्रवाहमयी है। मात्रा व विराम-चिह्नों की अशुद्धियों के प्रति शोधार्थी सतर्क नहीं रहा है। प्रबंध का टंकण कार्य तथा जिल्दबंदी उत्तम कोटि के हैं।

17. शोधार्थी - कुमार, दुष्यंत

शोध-विषय - नरेन्द्र शर्मा के काव्य में प्रेम और सौन्दर्य

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - आचार्य बुद्धदेव

वर्ष - 2008

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **7** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **346** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में नरेन्द्र शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में प्रेम और सौन्दर्य का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में शर्मा के काव्य के परिप्रेक्ष्य में मानवीय सौन्दर्य का निरूपण किया गया है। चतुर्थ अध्याय में शर्मा के काव्य के परिप्रेक्ष्य में प्रकृति-सौन्दर्य का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में शर्मा के काव्य के

परिप्रेक्ष्य में प्रेम का निरूपण किया गया है। षष्ठ अध्याय में शर्मा के काव्य के परिप्रेक्ष्य में सौन्दर्याभिव्यक्ति के उपादानों का विश्लेषण किया गया है। सप्तम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। उपसंहार में शोध-संकेत उपलब्ध नहीं हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा सुगठित है। मात्रा तथा विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां कहीं-कहीं रह गई हैं। प्रबंध का टंकण कार्य तथा जिल्दबंदी उत्तम हैं।

विवेच्य विश्वविद्यालयों में छायावाद और प्रगतिवाद-काव्य संबंधी **17** शोध-प्रबंध प्राप्त हुए हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में **9** शोध-विषयों पर, कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र में **3** शोध-विषयों पर, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ में **2** शोध-विषयों पर, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में भी **2** शोध-विषयों पर तथा गु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में **1** शोध-विषय पर शोध-कार्य हुआ है।

7.3 राष्ट्रीय, सांस्कृतिक काव्यधारा और गीतिकाव्य संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

विवेच्य विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय, सांस्कृतिक काव्यधारा और गीतिकाव्य संबंधी **21** शोध-ग्रंथ (सन् **1991** से **2010** तक) प्राप्त हुए हैं, इनका क्रमानुसार वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन इस प्रकार है-

1. शोधार्थी - रामकरण

शोध विषय - राष्ट्रीय काव्य के आलोक में सोहन लाल द्विवेदी के काव्य का मूल्यांकन

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - प्रकाश, जय

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **530** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में हिन्दी की राष्ट्रीय काव्यधारा का परिचयात्मक अध्ययन किया गया है। द्वितीय अध्याय में सोहन लाल द्विवेदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में द्विवेदी के काव्य के परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक चेतना का उल्लेख किया गया है। चतुर्थ अध्याय में द्विवेदी की राष्ट्रीय कविता के साथ, उसके विविध आयामों की चर्चा की गई है। पंचम अध्याय में द्विवेदी के काव्य में शिल्पधर्मी परीक्षण का अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। विषय-सूची में अध्यायों के समक्ष पृष्ठांकन नहीं किया गया है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा सरल है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां बहुत हैं। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी सामान्य स्तर के हैं।

2. शोधार्थी - शर्मा, सत्येन्द्र देव

शोध-विषय - राष्ट्रवाद की अवधारणा और माखन लाल चतुर्वेदी का काव्य

विश्वविद्यालय - गु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर

निर्देशक - अवस्थी, ओम

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **10** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **434** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में राष्ट्रवाद का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में हिन्दी काव्य के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रवाद का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में माखन लाल चतुर्वेदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। चतुर्थ अध्याय में चतुर्वेदी के काव्य के

परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रवादी ऐकता का विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में चतुर्वेदी के काव्य के परिप्रेक्ष्य में स्वराज्य के राष्ट्रवादी संकल्प का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में चतुर्वेदी के काव्य के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय संस्कृति का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में राष्ट्रीय समस्याओं का उल्लेख किया गया है। अष्टम अध्याय में राष्ट्रवादी वर्ग-चित्रण का अध्ययन किया गया है। नवम अध्याय में राष्ट्रवादी अवधारणा का कलात्मकता के परिप्रेक्ष्य में अध्ययन किया गया है। दशम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ व्यतिक्रम में है। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण में अध्यायों के समक्ष पृष्ठांकन नहीं किया गया है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। शोध-संकेत दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा सुगठित है। मात्रा, विराम चिह्न तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध का टंकण कार्य सामान्य स्तर का है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

3. **शोधार्थी -** प्रियवंदा

शोध-विषय - शैली वैज्ञानिक दृष्टि से दिनकर की काव्य-भाषा का वैशिष्ट्य

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - शर्मा, वेदव्रत

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **9** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **309** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में शैली-विज्ञान का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में दिनकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में दिनकर के काव्य के परिप्रेक्ष्य में चयन का विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में दिनकर के काव्य के परिप्रेक्ष्य में

विचलन का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में समानान्तरता का चित्रण किया गया है। षष्ठ अध्याय में अप्रस्तुत-विधान का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में विपथन का अध्ययन किया गया है। अष्टम अध्याय में विरलन का विश्लेषण किया गया है। नवम अध्याय में प्रोक्ति का विवेचन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अनुच्छेदों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत हैं। संदर्भ -सूची पुस्तकानुक्रम में है। प्रबंध की भाषा स्पष्ट, शैली प्रवाहपूर्ण है। अशुद्धियां अल्प हैं एवं टंकण अच्छा है। जिल्दबंदी सशक्त है।

4. शोधार्थी - कमल, कमलेश

शोध-विषय - श्याम नारायण पाण्डेय के काव्य में इतिहास और राष्ट्रवाद

विश्वविद्यालय - गु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर

निर्देशक - बावा, रीता

वर्ष - 1994

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत वृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **519** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में युग, समाज और संस्कृति का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में पांडेय के काव्य के परिप्रेक्ष्य में इतिहास का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में पांडेय के काव्य के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रवाद का विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में पांडेय के काव्य के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय-ऐतिहासिक काव्य की कलात्मकता का अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में पांडेय का हिन्दी साहित्य को दिए योगदान का विवेचन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेतों का अभाव है। प्रबंध की भाषा सरल, शैली प्रवाहमयी है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधकर्त्री सजग नहीं रही है। प्रबंध-टंकण अस्पष्ट है तथा जिल्दबंदी सामान्य है।

5. शोधार्थी - देशराज

शोध-विषय - माखन लाल चतुर्वेदी के काव्य में राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति

विश्वविद्यालय - हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला

निर्देशक - गुप्त, चमन लाल

वर्ष - 1994

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **7** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **291** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में राष्ट्रीयता का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में चतुर्वेदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में चतुर्वेदी के काव्य में राष्ट्रीयता के परिप्रेक्ष्य में राजनीतिक आयाम का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में सामाजिक आयाम का विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में धार्मिक आयाम का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में सांस्कृतिक आयाम का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में आर्थिक आयाम का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ व्यतिक्रम में है। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण में अध्यायों के समक्ष पृष्ठांकन नहीं किया गया है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सुगठित है। मात्रा, विराम चिह्न तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां न के बराबर है। प्रबंध का टंकण कार्य सामान्य स्तर का है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

6. शोधार्थी - ठाकुर, कश्मीर सिंह

शोध-विषय - हरिवंश राय बच्चन के काव्य में प्रेम और सौन्दर्य-भावना

विश्वविद्यालय - हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला

निर्देशक - रैणा, कृष्णा

वर्ष - 1995

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **406** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में हरिवंश राय बच्चन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ, प्रेम और सौन्दर्य का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में आधुनिक हिन्दी कविता के परिप्रेक्ष्य में प्रेम और सौन्दर्य का उल्लेख किया गया है। तृतीय अध्याय में बच्चन के काव्य के परिप्रेक्ष्य में प्रेम का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में बच्चन के काव्य के परिप्रेक्ष्य में सौन्दर्य का विश्लेषण किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। संदर्भ-सूची अध्यायों के अंत में दी गई है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। उपसंहार में शोध-संकेत उपलब्ध नहीं हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा सुगठित है। मात्रा तथा विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां कहीं-कहीं रह गई हैं। प्रबंध का टंकण कार्य अस्पष्ट है तथा जिल्दबंदी सामान्य है।

7. शोधार्थी - शर्मा, कुसुम

शोध-विषय - श्याम नारायण पाण्डेय के काव्य का काव्यशास्त्रीय अध्ययन

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - शर्मा, वेदव्रत

वर्ष - 2000

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **208** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में पाण्डेय के काव्य के परिप्रेक्ष्य में रस-योजना का विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में अलंकार और छंद-योजना का विश्लेषण किया गया है। चतुर्थ अध्याय में शब्द-शक्ति एवं काव्य भाषा का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में काव्य गुण एवं रीति-योजना का उल्लेख किया गया है। षष्ठ अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के सर्वथा प्रतिकूल है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। पृष्ठांकन की गणना विषयानुक्रमणिका से कर ली गई है। अध्यायों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सरल, शैली प्रवाहमयी है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध का टंकण कार्य तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

8. शोधार्थी - कुमार, सुशील

शोध-विषय - रामधारी सिंह दिनकर का काव्य ः कथ्य एवं शिल्पगत अध्ययन

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - शर्मा, मंजु

वर्ष - 2001

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** खंडों के अंतर्गत **9** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **387** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **3** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में कथ्य एवं शिल्प का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में रामधारी सिंह दिनकर के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं तद्युगीन परिवेश का परिचय दिया गया है। द्वितीय खंड में **5** अध्याय हैं। चतुर्थ अध्याय में रामधारी सिंह दिनकर के काव्य के परिप्रेक्ष्य में कथ्य-इतिहास के आयामों का अध्ययन

किया गया है। पंचम अध्याय में आधुनिक-बोध के परिप्रेक्ष्य में रामधारी सिंह दिनकर के काव्य की मूल-चेतना का विवेचन किया गया है। षष्ठ अध्याय में रामधारी सिंह दिनकर के काव्य के परिप्रेक्ष्य में कथ्य-दर्शन के आयामों अध्ययन किया गया है। सप्तम अध्याय में रामधारी सिंह दिनकर के काव्य में जीवन-मूल्यों का विश्लेषण किया गया है। अष्टम अध्याय में रामधारी सिंह दिनकर के काव्य के विशिष्ट शिल्प-विधान का अध्ययन किया गया है। नवम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। अंत में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत नहीं दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा सरल है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधार्थी सतर्क रहा है। प्रबंध-टंकण उत्तम है तथा जिल्दबंदी सशक्त है।

9. शोधार्थी - शुभलता

शोध-विषय - उदयशंकर भट्ट की काव्य-यात्रा ः संवेदना और शिल्प

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - बाबूराम

वर्ष - 2001

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **5** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **315** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में भट्ट के व्यक्तित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में भट्ट की कविताओं का परिचयात्मक विवरण दिया गया है। तृतीय अध्याय में भट्ट के काव्य की कथ्यगत विशेषताओं का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में भट्ट के काव्य के परिप्रेक्ष्य में शिल्प का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम शीर्षक के नीचे मध्य में दिए गए हैं। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सुगठित है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधकर्त्री सजग रही है। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

10. शोधार्थी - सिंगला, आरती

शोध-विषय - गीतिकाव्य परम्परा में शिव मंगल सिंह 'सुमन' का स्थान

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - सिंह, हरपाल

वर्ष - 2001

